www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–127 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ रविवार 8 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## यूपी के माफिया व अपराधियों पर एक्शन में योगी सरकार, अब तक 1848 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

लखनऊ (वेबवार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में माफिया और अपराधियों की



काली कमाई जब्त करने की कार्रवाई लगातार जारी है। मार्च 2017 से जुलाई 2021 के बीच पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत माफिया और अपराधियों की रिकॉर्ड 1848 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। माफिया के कब्जों पर प्रशासन का बुल्डोजर बेधड़क चला है। उत्तर प्रदेश के एडीजी कानून–व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि मार्च 2017 से अब तक गैंगेस्टर एक्ट के तहत 13801 मुकदमे दर्ज कर 43294 आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है। 630 आरोपितों के विरुद्ध रासुका के तहत भी कार्रवाई की गई है। इसके अलावा 25 हजार रुपये तक के 10402 पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। 50 हजार रुपये से अधिक के 107 अपराधी पकड़े गए। गैंगेस्टर एक्ट के 1447 प्रकरणों में पुलिस ने माफिया व अपराधियों की 1848 करोड़ रुपये से अधिक की चल–अचल संपति जब्ज की गई। एडीजी कानून–व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि सूची बद्ध 25 माफिया के विरुद्ध भी अभियान के तहत निरंतर कार्रवाई की जा रही है। सूचीबद्ध माफिया की 702 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। इनमें माफिया मुख्तार अंसारी व उसके गिरोह के सदस्यों की 194 करोड़ रुपये की संपति जब्त की गई है। माफिया अतीक अहमद व गिरोह के सदस्यों की 355 करोड़ रुपये से अधिक की संपति जब्त की गई है। इसी प्रकार कुख्यात सुंदर भाटी और गिरोह के सदस्यों की 63 करोड़ रुपये की संपति जब्त की गई। माफिया कुंटू सिंह की 17 करोड़ से अधिक की संपति जब्त की गई। सूचीबद्ध माफिया व उनके गुर्गों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के तहत अब तक 250 से अधिक शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त कराए गए हैं। अवैध निर्माध ध्वस्त कराने के साथ ही कई सरकारी जमीनों को भी माफिया के कब्जे से मुक्त कराया गया है।

## विकास के नाम पर नही जातिवाद के नाम पर लड़ते है नेता चुनाव-विकास अग्रवाल

### विकास अग्रवाल के मैदान में आते है। नेताओ में मची खलमली

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। कुछ समय बाद आप सभी लोगो को नये चहरे दिखने शुरू हो जाएंगे।( मानो जैसे बरसात होने के बाद मेंढ़क निकलते हो)नए नए लोग आप के पैर छुएंगे और दूर से आप को देखकर नमस्कार भी करेंगे और अगर उस समय आप की जरा सी भी तबीयत खराब हुई तो तुरंत अपनी गाड़ी से ले जाकर इलाज भी करायेंगे ,जातिवाद का मन मे जहर घोल के सबको अलग तोड़ कर देगें भाई को भाई से जीवन भर अलग कर सारे नाते तुड़वा देते है । और सभी पार्टियों के नेता लोग एक ही साथ बैठ कर खाना खाते है। और आपस मे अपनी राजनीति की खिड़की पकाएंगे। की किस को कैसे तोड़ो उन के बीच की लडाई तो सिर्फ हम सब को दिखाने के लिए बहुत है।बस हम सबको अपनी चिकनी चुपड़ी बातों से लुभा कर बस वोट वोट लेने के लिए। जो नेता पहेले थोड़ी सी तबीयत खराब होने पर तूरंत दवा कराने को कहते थे।वही नेता लोग बाद में उसी किसी को बहुत बड़ी बीमार होने पर भी उसको अपनी गाड़ी से भेजने की तो दूर की बात एक सरकारी ऐंबुलेंस भी नही बुलवाते। न ही उसका हाल पूछते हैं। मगर ये किसी और कि कमी नही है बल्कि ये कमी हम सब की है। सभी लोग थोड़े से लालच के चक्कर मे आकर अपने 5 साल



बर्बाद कर देते है।और पाचो सालों में अपने दुखों को अपने ही अंदर दबा लेते है। मगर इस बार जनता ने भी रुख अलग ही बना लिया है। और इस बार वो अपने ही बीच के किसी अच्छे इंसान को अपना विधायक चुनना चाहते है।और इस बार तो जनता ने लगभग अपना विधायक बना भी लिया है। और वो इस बार विकास अग्रवाल पर अपना दाव खेल सकती है। जनता का मानना है कि विकास अग्रवाल एक क्षेत्रीय समाजसेवी व्यक्ति हैं। और हमेशा दुःख सुख में हम लोगो का साथ खड़े रहते है।उन्होंने बिना किस पद पर भी न रहते हुए भी हम लोगो की काफी मदद की कई कार्य उनके बहुत ही काबिले तारीफ है। अब विकास अग्रवाल इस बार किस पार्टी से चुनाव लड़ते हैं या फिर निर्दलीय मैदान में आएंगे यह जानना काफी सोचनीय होगा जनता का रुझान विकास अग्रवाल की तरफ काफी ज्यादा दिख रहा है उसी को देखते हुए काफी नेताओं में हलचल सी मच गई है।और उन्होंने भी अपनी कमर कस ली है क्योंकि अब उनको ये लग रहा है कि उनकी खटिया खड़ी करने कोई आम व्यक्ति मैदान में आ चुका है। जिसको जनता अपना कह रही है। इस बार विधानसभा चुनाव में विकास अग्रवाल के आने से चुनाव काफी रोमांचक रहेगा।

## मंत्री ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करके पीड़ितों को बाटी राहत सामग्री

अवध की आवाज ब्यूरो

कालपी जालौन। शनिवार को भारी प्रशासनिक तामझाम के साथ प्रदेश के जल शक्ति एवं सिंचाई तथा नमो गंगे विभाग के काबीना मंत्री महेंद्र सिंह ने कालपी क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया एवं बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात करके उनको राहत सामग्री का वितरण किया गया। शनिवार को दोपहर करीब 2:30 बजे आधा घंटे के दौरान कैबिनेट मंत्री कालपी नगर के बाढ़ प्रभावित मोहल्ला तरी





बुल्दा में पहुंचे। उरई सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार समेत भारी सरकारी अमले की मौजूदगी में बाढ़ पीड़ित लोगों को राहत सामग्री की किट का वितरण किया। समीप में बाढ़ ग्रस्त इलाके का निरीक्षण कैबिनेट मंत्री के द्वारा किया गया। बाढ़ प्रभावितों मुन्नी देवी यादव, मुखिया आदि लोगों से मंत्री ने जानकारियां हासिल की। पीड़ितों ने बताया कि हमारे मोहल्ले में 80 से अधिक घर यमुना नदी की बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। मंत्री ने भरोसा देते हुए कहा के प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमको आप लोगों की मदद के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि आज से यमुना नदी का जलस्तर गिरने लगेगा।उन्होंने यकीन दिलाया कि सभी बाढ़ पीड़ित लोगों को सरकार तथा प्रशासन पूरी मदद करने के लिए तत्पर है। यमुना नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में एनडीआरएफ की टीम तैनात की गई है तथा पूरी तरीके से मदद करने के लिए प्रशासन जुटा हुआ है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उषा अहिरवार, अपर जिलाधिकारी पूनम निगम, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी कौशल कुमार क्षेत्राधिकारी वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार बलराम गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जगजीवन अहिरवार समेत सरकारी विभागों के उच्च अधिकारी भारी तामझाम के साथ कैबिनेट मंत्री के साथ मौजूद रहे।

राजस्थान सरकार पर किया तंज

बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने कालपी आए प्रदेश के जल शक्ति एवं सिंचाई मंत्री महेंद्र सिंह ने राजस्थान सरकार के प्रशासन पर तंज किया। तरी बुल्दा मोहल्ले में बाढ़ प्रभावित नागरिकों से मुलाकात करते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि राजस्थान के द्वारा भारी मात्रा में पानी छोड़ देने की वजह से यमुना नदी के जलस्तर में भारी वृद्धि हुई है तथा यमुना नदी की बाढ़ से तमाम लोग प्रभावित हुए हैं उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की सरकार तथा जिला प्रशासन प्रत्येक बाढ़ पीड़ित परिवार की मदद करेगा। कैबिनेट मंत्री के कार्यक्रम को लेकर चमन गंज बाजार तथा पूरे रूट में भारी संख्या में चप्पे–चप्पे में पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ पीड़ितों के आंसू पोंछ खाद्य सामग्री बांटी

अवध की आवाज ब्यूरो

जगम्मनपुर, जालौन। भारतीय जनता पार्टी जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ प्रभावित दुर्गम इलाके का भ्रमण कर दुःखी परेशान पीड़ितों को मदद का आश्वासन दे खाद्य सामग्री एवं भोजन का वितरण किया । माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन, अजीत सिंह सेंगर ब्लॉक प्रमुख रामपुरा, राजकिशोर गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत माधौगढ़, महेश सिंह राजावत विधायक प्रतिनिधि ,सत्येंद्र सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष माधौगढ़, देवेंद्र सिंह राजावत मंडल उपाध्यक्ष माधौगढ़, नीलू सिंह राजावत ने आज विकासखंड रामपुरा के बाढ़ प्रभावित गांव गुढ़ा , बेरा , महटौली , रुदावली, महमूदपुर, पुरा , लिडऊपुर, लिटावली आदि गांव का मोटर बोट द्वारा जल मार्ग से सघन दौरा किया तथा बाढ़ से हुए नुकसान को देख पीड़ितों को यथासंभव मदद करने का आश्वासन दे उनके आंसू पौंछने का प्रयास किया। संकट की इस घड़ी में विधायक मूलचंद निरंजन



ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को भूख से पीड़ित नहीं रहने दिया जाएगा एवं बाढ़ से हुई क्षति का आंकलन करवा कर उनकी आर्थिक मदद की जाएगी स ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह एवं अन्य सभी साथियों ने बाढ़ पीड़ितों में खाद्य सामग्री, लंच पैकेट, बिस्कुट, पानी की बोतल आदि का वितरण किया स अगम्य स्थलों पर पहुंचकर भाजपा नेताओं के द्वारा मदद करने को लेकर ग्रामीणों ने कृतज्ञता व्यक्त की है।

# तबाही के बाद पंचनद पर उफनती नदियों का वेग थमा,आधा दर्जन गांव खाली, ग्रामीण शिविरों में रहने को मजबूर

## बाढ़ पीड़ितों की सहायता को हजारों हाथ बढ़े

अवध की आवाज ब्यूरो

जगम्मनपुर, जालौन। पंचनद क्षेत्र में बाढ़ से हुई खौफनाक तबाही के बाद उफनती नदियों का वेग स्थिर हो जाने से राहत मिली है लेकिन बाढ़ से बेघर हुए ग्रामीण सहायता शिविरों में रहने को मजबूर अपना गांव छोड़ जगम्मनपुर आकर शरण ली। ग्राम गुढ़ा निवासियों के अनुसार लगभग एक दर्जन मकान या पशु बाड़ा यमुना नदी की लहरों में समा गए। इसी प्रकार ग्राम कूसेपूरा, मोहब्बतपुरा, डिकौली जागीर ,हुकमपुरा ,विलौड , पतराही,



हैं। माधवगढ़ तहसील के रामपुरा विकासखंड अंतर्गत पंचनद क्षेत्र तथा नदिया पार में विभिन्न नदियों ने रौद्र रूप धारण कर जो तबाही मचाई उससे करोडों की फसल बर्बाद हो गई व दर्जन भर गांव के हजारों ग्रामीण बेघर हो गए अथवा अपने प्राण बचाने के लिए अपना गांव छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर सहायता शिविरों में रहने को मजबूर हुए हैं । ग्राम गुढ़ा यमुना नदी के तट पर बसा क्षत्रिय बाहुल्य गांव है इस गांव ने सदियों से प्रतिवर्ष बाढ़ के सैकड़ों थपेड़े सहे हैं लेकिन इस वर्ष की बाढ़ का रौद्र रूप देख ग्रामीणों ने सपरिवार बेरा आदि गांव बाढ़ में पूरी तरह से घिर जाने से कहां के वाशिन्दे अपना अपना गांव घर छोड़कर रामपुरा , जगम्मनपुर आदि सुरक्षित स्थानों में पहुंचकर शरणार्थी का जीवन जीने को मजबूर हुए हैं। इस आपदा में रामपुरा चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर बेरा , जिला पंचायत सदस्य राधवेंद्र पांडे जगम्मनपुर , विजय द्विवेदी मंडल महामंत्री भारतीय जनता पार्टी रामपुरा, रामअवतार तिवारी (मुनीम), प्रज्ञादीप गौतम प्रधान जगम्मनपुर , रविंद्र दीक्षित (टोनी) टीहर आदि अनेक लोगों ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में भ्रमण कर भोजन वितरण किया।

# भाजपा विधायक मूलचन्द निरंजन व प्रधान प्रदीप गौरव सचिव जगदम्बा प्रसाद ने बाढ़ पीड़ितों के आंसू पोंछ खाद्य सामग्री बांटी

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ,जालौन। भारतीय जनता पार्टी जनप्रतिनिधियों एवं प्रधान प्रदीप गौरव टीहर व सचिव जगदम्बा प्रसाद ने बाढ़ प्रभावित दुर्गम इलाके का भ्रमण कर दुःखी परेशान पीड़ितों को मदद का आश्वासन दे खाद्य सामग्री एवं भोजन का वितरण किया । माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन, अजीत सिंह सेंगर ब्लॉक प्रमुख रामपुरा, राजकिशोर गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत माधौगढ़, जे ई लाखन सिंह एपी ओ ब्रजेश कुमार , प्रदीप गौरव टीहर प्रधान, सचिव जगदम्बा ,सचिव देवेंद्र सिंह, श्याम सुन्दर चंसौलिया महेश सिंह राजावत विधायक प्रतिनिधि ,सत्येंद्र सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष माधौगढ़, देवेंद्र सिंह राजावत ने आज विकासखंड रामपुरा के बाढ़ प्रभावित गांव गुढ़ा , बेरा , महटौली , रुदावली, महमूदपुर, पुरा , लिडऊपुर, लिटावली , भिटौरा आदि गांव का मोटर बोट द्वारा जल मार्ग से सघन दौरा किया तथा बाढ़ से हुए नुकसान को देख पीड़ितों को यथासंभव मदद करने का आश्वासन दे उनके आंसू पौंछने का प्रयास किया स संकट की इस घड़ी में विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को भूख से पीड़ित नहीं रहने दिया जाएगा एवं बाढ़ से हुई क्षति का आंकलन करवा कर उनकी आर्थिक मदद की जाएगी स ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह एवं अन्य सभी साथियों ने बाढ़ पीड़ितों में खाद्य सामग्री, लंच पैकेट, बिस्कुट, पानी की बोतल आदि का वितरण किया स अगम्य स्थलों पर पहुंचकर भाजपा नेताओं के द्वारा मदद करने को लेकर ग्रामीणों ने कृतज्ञता व्यक्त की है। वहीं डीएम प्रियंका निरंजन ने टीहर मे लान्च सामग्री बनने पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए डीएम ने धन्यवाद दिया।







अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। नगर के चंद्रलोक गार्डन में आयोजित नगर मंडल की कार्यसमिति की बैठक में पहुंचे सदर विधायक पंकज गुप्ता । कार्यक्रम आयोजन नगर अध्यक्ष सुशील तिवारी द्वारा किया गया

# कदौरा पुलिस को मिली सफलता अभियुक्त को भेजा जेल

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ़,जालौन। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज कदौरा पुलिस को मिली सफलता जिसमे काफी दिनों से फरार चल रहे अभियुक्त को कदौरा पुलिस ने धर दबोचा जिसमे अभियुक्त के खिलाप 104/21, धारा 363, 366, 376 (3), 3/4 (2) पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज थे कुआखेड़ा निवासी अभियुक्त विकल सिंह पुत्र जुझार सिंह कदौरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



# सीमेंट मिक्सर मशीन वाहन ने मोपेड सवार दंपती को रौंदा, महिला की मौत

हाथरस (वेबवार्ता)। सिकंदराराऊ बस स्टैंड के पास सीमेंट मिक्सर मशीन वाहन ने एक मोपेड सवार दंपती और बेटी को रौंद डाला। हादसे में जिससे महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पिता व पुत्री मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हाथरस भेज दिया। अलीगढ़ जिले के बरला थाना अंतर्गत गांव कस्साब का नगला निवासी अब्दुल सलाम अपनी मोपेड पर पत्नी सीमा 40 वर्ष एवं पुत्री अलीशा 17 वर्ष को साथ लेकर अपनी ससुराल फिरोजाबाद जा रहा था। जैसे ही वे सिकंदराराऊ में जीटी रोड स्थित बस स्टैंड के पास पहुंचे, तभी पीछे से अनियंत्रित गति से आ रही सीमेंट मिक्सर मशीन ने मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे पहिया के नीचे आकर सीमा की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में अब्दुल सलाम और अलीशा घायल हो गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मश्तका के शव को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां से पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे मश्तका सीमा के स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। दुर्घटना को अंजाम देकर भाग रहे चालक को सीमेंट मिक्सर मशीन के साथ पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंप दिया।

# दो सगी बहनों की सांप के काटने से मौत

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई जालौन । आटा थाना क्षेत्र के एक गाँव मे सांप के काटने से दो सगी बहनो की मौत हो गई। इससे परिजनों में मातम छा गया सुबह घटना की खबर पाकर पहुँची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों बहनें गुरुवार की रात को एक साथ सो रही थी।जिन्हें एक ही सांप ने डसा है जिसे ग्रामीणों ने मार गिराया। गुरुवार की रात को आटा थाना क्षेत्र के ग्राम सधारा निवासी पहलाद की बिटिया रीना उम्र 6 वर्ष अपनी बड़ी बहन राजबति उम्र 9 वर्ष के साथ सो रही थी।





तभी रात में पेड़ से उतरे सांप ने दोनों को काट लिया। इससे दोनों बेहोश हो गई किसी काम के लिए जागे परिजनों ने जब सांप को उनके पास बैठा देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने आसपड़ोस वाली की मदद से सांप को मर्रा दिया। और दोनों बच्चियों को निजी गाड़ी से उरई अस्पताल ले गए। जहाँ डॉक्टरों ने दो को म्रतक बताया यह सुनकर परिजन कान में हाथ लगाकर रोने पीटने लगे। मौत कि खबर जब उनके घर पहुँची तो उनमें मातम छा गया।सुबह ग्रामीणों की भीड़ लग गई सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है की पहलाद के पास एक भी बीघा जमीन नही है। वह गाँव मे मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पलटा है। बेटियों की मौत से वह बहुत गहरे सदमे में है। फिलहाल रिस्तेदार व ग्रामीण उसे सँभाले हुए है। लेकिन उसकी पत्नी मन्नो का अपनी दोनों परियो की मौत की खबर सुनकर बुरा हाल है। वह बार बार बेहोश हो रही है और होश आने पर सिर्फ एक ही बात कहती है कि हे भगवान मुझे उठा लिया होता। उसका यह हाल देखकर ग्रामीणों की भी आंखे नम हो गई।



अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ़ (जालौन) पुलिस अधीक्षक डॉ रवि कुमार के निर्देशन में जालौन पुलिस को एक अहम सफलता हासिल हुई है। संबंधित मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ रवि कुमार ने मीडिया में खुलासा करते हुए जानकारी दी कि कुछ दिन पहले जालौन कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ कुछ बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए जालौन कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर चार शातिर बदमाशों को गिरफतार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से लूटी गई मोटरसाइकिल तथा करीब 1200 तथा लूट में स्तेमाल की गई एक और मोटरसाइकिल एक अवैध तमंचा तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है तथा इनके अपराधिक इतिहास भी खंगाले जा रहें हैं

# चुनावी मिशन पर भाजपा– नड्डा, सरकार और संगठन के साथ तय करेंगे रणनीति

लखनऊ, (वेबवार्ता)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज राजधानी लखनऊ पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह सरकार और संगठन के साथ मिलकर 2022 में होने वाले चुनाव की रणनीति तय करेंगे। बताया जा रहा है कि वह मंत्रियों से उनके काम काज की रिपोर्ट भी ले सकते हैं। बीते दिनों उन्होंने कुछ टास्क मंत्रियों को सौंपा था उस पर भी सवाल जवाब हो सकता है।

भाजपा की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, नड्डा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नवनिर्वाचित जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारियों के सम्मेलन में उन्हें चुनाव में बूथ प्रबंधन से लेकर प्रचार प्रबंधन तक के गुर सिखाएंगे। फिर वह प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में कोर कमेटी की बैठक लेंगे।

नड्डा प्रदेश सरकार के मंत्रियों और भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक भी लेंगे। इसके बाद 8 अगस्त को नड्डा आगरा में ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों की चुनावी बैठक लेंगे। उनका ब्रज क्षेत्र के भाजपा विधायकों से भी बातचीत का कार्यक्रम है। नड्डा आगरा में कोरोना वारियर्स सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

गौरतलब हो कि भाजपा 2022 के विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से काफी गंभीर है। इसीलिए केंद्रीय नेतृत्व के किसी न किसी बड़े पदाधिकारी का यूपी दौरा बार– बार हो रहा है। पिछले दिनों राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने भाजपा के प्रदेश और क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कुछ टास्क दिए थे। उस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चर्चा कर सकते हैं।

# मंडलायुक्तने माधौगढ़ विधायक संग किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई जालौन। मंडलायुक्त झांसी व माधौगढ़ विधायक ने बाढ़ प्रभावित पंचनद क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों के जीवन , स्वास्थ्य व भोजन की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया । शुक्रवार को मंडलायुक्त झांसी अजय शंकर पांडे एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी जोगेन्दर सिंह ने जनपद जालौन अंतर्गत पंचनद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर तबाही का खौफनाक मंजर देख चिंता व्यक्त की स मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी जालौन प्रियंका निरंजन को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित सभी गांव में खाद्य सामग्री के साथ साथ पका हुआ भोजन भी वितरित कराया जाए एवं मानव स्वास्थ्य के साथ पशुधन के जीवन की भी सुरक्षा की जाए , इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित कर सभी विषयों पर मानिटरिंग की जाए एवं तय किया जाए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्व विभाग अथवा पंचायत विभाग का एक कर्मचारी नियुक्त कर स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निस्तारण हो ! बाढ़ पीड़ितों के स्वास्थ्य की चिंता पर माधौगढ़ विधायक ने कहा कि अपर जिला चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में स्वास्थ्य टीमों का



गठन कर प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए यदि किसी को गंभीर बीमारी है तो तत्काल चिकित्सालय भेजने का प्रबंध किया जाए स बाढ़ से बचाव हेतु लगायी नहीं एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ की टीमों को और अधिक सक्रिय कर प्रत्येक पीड़ित की मदद के लिए कहां जाए स इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव , क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन परगना अधिकारी शालिग्राम , क्षेत्राधिकारी माधवगढ़ , तहसीलदार प्रेम नारायण , खंड विकास अधिकारी रामपुरा सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# भाजपा विधायक ने बाढ़ पीड़ितों के आंसू पोंछ खाद्य सामग्री बांटी

अवध की आवाज ब्यूरो

उरई जालौन। भारतीय जनता पार्टी जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ प्रभावित दुर्गम इलाके का भ्रमण कर दुःखी परेशान पीड़ितों को मदद का आश्वासन दे खाद्य सामग्री एवं भोजन का वितरण किया । माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन, अजीत सिंह सेंगर ब्लॉक प्रमुख रामपुरा, राजकिशोर गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत माधौगढ़, महेश सिंह राजावत विधायक प्रतिनिधि ,सत्येंद्र सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष माधौगढ़, देवेंद्र सिंह राजावत मंडल उपाध्यक्ष माधौगढ़, नीलू सिंह राजावत ने आज विकासखंड रामपुरा के बाढ़ प्रभावित गांव गुढ़ा , बेरा , महटौली , रुदावली, महमूदपुर, पुरा , लिडऊपुर, लिटावली , मिटौरा आदि गांव का मोटर बोट द्वारा जल मार्ग से सघन दौरा किया तथा बाढ़ से हुए नुकसान को देख पीड़ितों को यथासंभव मदद करने का आश्वासन दे उनके आंसू पौंछने का प्रयास किया स संकट की इस घड़ी में विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को भूख से पीड़ित नहीं रहने दिया जाएगा एवं बाढ़ से हुई क्षति का आंकलन करवा कर उनकी आर्थिक मदद की जाएगी स ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह एवं अन्य सभी साथियों ने बाढ़ पीड़ितों में खाद्य सामग्री, लंच पैकेट, बिस्कुट, पानी की बोतल आदि का वितरण किया स अगम्य स्थलों पर पहुंचकर भाजपा नेताओं के द्वारा मदद करने को लेकर ग्रामीणों ने कृतज्ञता व्यक्त की है।



# भावी महापौर प्रत्याशी विजय सिंह मर्तोलिया ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड गणेश गोदियाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। कानपुर महानगर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के तत्वाधान में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भावी महापौर प्रत्याशी विजय सिंह मर्तोलिया ने गणेश गोदियाल प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड कांग्रेस से पीसीसी कार्यालय देहरादून में शिष्टाचार भेंट की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भावी महापौर प्रत्याशी विजय सिंह मर्तोलिया ने गणेश गोदियाल प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड कांग्रेस को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विजय सिंह मर्तोलिया ने कहा कि संगठन के बारे में चर्चा की उत्तराखंड के नए प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल से। संगठन के प्रति जुझारू और कर्मठ शील व्यक्ति उनकी जितनी सराहना किया जाए उतनी कम है। गणेश गोदियाल के नेतृत्व में उत्तराखंड कांग्रेस बहुत मजबूत है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गणेश गोदियाल ने ऊर्जा का काम किया है। और युवा उनकी सोच और दूरदर्शिता से काफी प्रभावित हैं। और अधिक संख्या में युवा कांग्रेस जुड़ा रहा है। मुख्य रुप से उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय सिंह मर्तोलिया, निर्भय शंकर सिंह, शिव शंकर भदौरिया, विक्की फ्लेक्स आदि लोगों ने शिष्टाचार भेंट की।



# ऋणों की वसूली हेतु नवीन एकमुश्त समाधान योजनाः

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), जिला प्रबन्धक–अनुगम श्रीमती ललिता यादव ने बताया कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, स्वच्छकार योजना एवं अनुविनि योजनान्तर्गत अधिदेय ऋणों की वसूली हेतु नवीन एकमुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) में 01 अगस्त 2021 से 31 अक्टूबर 2021 तक बढ़ाया गया है। इन योजनाओं में ऋण ग्रहीता से परियोजना हेतु स्वीकृत ऋण की धनराशि पर निर्धारित ऋण वसूली अवधी (स्वतः रोजगार योजना व स्वच्छकार योजना में 36 माह एवं अनुविनि की योजना में 60 माह देय किश्त) का ही साधारण ब्याज लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शेष अवधी का सम्पूर्ण चक्रवृद्धि/दण्ड ब्याज माफ कर दिया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने संदर्भित योजनान्तर्गत निगम के ऋण बकायेदारों को सूचित किया है कि वह बकाया कर्जा जमा करने का लाभ प्राप्त करने हेतु निगम के जनपदीय कार्यालय 330 सिविल लाइन्स उन्नाव निकट पी0डब्लू0डी0डाक बंगले के सामने वाली गली अथवा विकास खण्ड कार्यालय पर तैनात सहायक/ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण से सम्पर्क कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकता है।

# खोड़ारे पुलिस को मिली बड़ी सफलता अवैध असलहे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

## 1 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 1 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ 1 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोवा चौराहा गोंडा। जनपद गोंडा में पुलिस अधीक्षक गोंडा के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी मनकापुर ,जनपद गोंडा के निर्देशन में, प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे महेन्द्र




कुमार सिंह के नेतृत्व में बृहस्पतिवार 05.08.2021 को थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त को एक अदद नाजायज तमंचे 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 120/21 धारा 3/25 ।. ।बज.पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त मिन्टू पुत्र अमरनाथ निवास ग्राम महुआ पाकड़ थाना खोडारे जनपद गोण्डा का बताया जा रहा है। पुलिस ने अभियुक्त मिंटू के विरुद्धध मु0अ0सं0 120/21 धारा 3/25 ।. ।बज दर्ज कर माननीय न्यायालय भेज दिया है गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम में उ0नि0 विश्वास कुमार चतुर्वेदी हे0का0 अनिल कुमार को सफलता प्राप्त हुई है।

# निशुल्क गरीबों को अन्न निशुल्क उपलब्ध कराना सरकार का सराहनीय कार्य नगर सभासद

अवध की आवाज ब्यूरा

कहोबा चौराहा गोंडा। देश के सैकड़ों गरीब परिवारों को निशुल्क अन्न उपलब्ध कराना सरकार के अंतोदय संकल्प को दर्शाता है। उक्त विचार गुरुवार को नगर पंचायत मनकापुर मैं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत महिला उपभोक्ता सहकारी समिति की दुकान पर आयोजित ( अन्न महोत्सव) उद्घाटन समारोह के मौके पर मोहल्ला शास्त्री नगर सभासद/भाजपा मंडल उपाध्यक्ष वैभव सिंह ने निःशुल्क राशन वितरण के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत देश के सैकड़ों गरीब परिवारों को निशुल्क उपलब्ध कराना सरकार के अंतोदय संकल्प को दर्शाता है। चेयरमैन प्रदीप कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार गरीबों के उत्थान के लिए निरंतर चतुर्दिक प्रयास कर रही है । भाजपा सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत गरीब परिवारों को निशुल्क राशन वितरण कराने की महत्वाकांक्षी योजना आज साकार हो रही है । अन्न महोत्सव समारोह को सभासद अखंड प्रताप सिंह, राजेश मौर्य ,सुरेंद्र कुमार गुप्ता( पन्नीलाल )ओम प्रकाश सोनी, श्याम नारायण जयसवाल( कुल्ली) आदि लोगों ने भी संबोधित किया।

अन्न महोत्सव समारोह का उद्घाटन प्रदेश के समाज कल्याण राजेश मौर्य, सभासद सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

महिला उपभोक्ता सहकारी समिति के सचिव अमर चंद गुप्ता ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को






कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि बाबूलाल शास्त्री सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडे ,चेयरमैन प्रदीप कुमार गुप्ता, सभासद वैभव सिंह, सभासद माल्यार्पण कर स्वागत किया। अमन कुमार गुप्ता ने आए हुए सभी राशन कार्ड धारकों को माला पहना कर मिष्ठान।

# अन्नोत्सव नहीं यह भाजपा का लूट उत्सव है प्रवीण सिंह

अवध की आवाज ब्यूरो

मध्य प्रदेश। सिंगरौली जिले में शनिवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस के युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान के नेतृत्व मे व डब्बू सिंह चंदेल जुल्फिकार अली भुट्टो वह कांग्रेस के दर्जनों पदाधिकारियों की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई इसमें प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि यह अन्य उत्सव नहीं भाजपा का लूट उत्सव है। उन्होंने कहा कि जिस तरह आज भाजपा कार्यकर्ताओं को समाज सेवा के रूप में कलेक्टर के हस्ताक्षर से प्रेस नोट जारी किया गया। चाहे विधायक हो भाजपा के जिला अध्यक्ष हो या फिर भाजपा के वरिष्ठ नेता सिर्श कांत देव सिंह हो आखिर जिला प्रशासन की क्या मजबूरी थी इन भाजपा पदाधिकारियों को समाजसेवी बनाकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम केंद्र में मुख्य अतिथि बनाया गया कांग्रेश इसी बात का विरोध करती है उन्होंने कहा कि हम इस कार्यक्रम के विरोधी नहीं हैं लेकिन भाजपा के इस लूट उत्सव के विरोधी हैं। जिस तरह सरकारी योजना को भाजपा ने अपनी पार्टी की योजना बनाकर सिद्ध कर दिया इससे कहा जा सकता है कि सिंगरौली के कलेक्टर भाजपा नेताओं की कठपुतली बन गए हौं वहीं प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि जिले में कई जगह खाद्यान्न वितरण केन्द्र मे मारपीट जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है क्योंकि इस सीजन में किसान अपननी खेती बाड़ी में व्यस्त है। लेकिन सैकड़ों की संख्या में लोगों को बुलाकर हर वितरण केंद्र में सिर्फ भाजपा पदाधिकारियों को खाद्यान्न दिया जा रहा है बाकी लोगों को कहा जा रहा है कि आपको दूसरे दिन दिया जाएगा इसी बात का लोगों ने विरोध किया था और जिले में कई जगह विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है यह विवाद की स्थिति भाजपा के नेताओं ने उत्पन्न कराया है।

# चिदंबरम ने उच्च न्यायालयों में रिक्तियों को लेकर सरकार पर निशाना साधा

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कई उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों एवं न्यायाधिकरणों के प्रमुखों के पद खाली होने को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार इन रिक्तियों को नहीं भर पा रही है क्योंकि वह अपनी विचारधारा के साथ लगाव रखने वाले लोगों की तलाश कर रही है। पूर्व गृह मंत्री ने ट्वीट किया, ''उच्च न्यायालय के न्यायाध ीशों के निर्धारित 1,080 पदों में 416 खाली हैं। न्यायाधिकरणों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं। कई न्यायाधिकरणों के प्रमुख के पद खाली हैं।'' उन्होंने सवाल किया कि मोदी सरकार सात साल से सत्ता में होने के बावजूद इन रिक्तियों को भर क्यों नहीं पा रही है या फिर इन रिक्तियों को भरने का इरादा क्यों नहीं कर रही है? चिदंबरम ने आरोप लगाया, '' असली कारण यह है कि सरकार ऐसे व्यक्तियों की तलाश में है जो उनकी प्रतिगामी सोच और विचारधारा से लगाव रखते होंगे।

# सम्पादकीय

## कृतिदेव यहां सफाई कामगार वर्ग की सुध लीजिए

हमारे देश में सफाई कामगार वर्ग सबसे हाशिए पर रहने वाला समुदाय है। 98 फीसदी सफाई कामगार वाल्मीकि समुदाय से संबंध रखते हैं। इनके काम की स्थितियां इतनी खराब हैं कि इन्हें सबके लिए सफाई सुनिश्चित करने के बावजूद खुद सबसे गंदे हालात में रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है। हालत इतनी खराब है कि इनकी जातियों के नाम तक को गाली समझा जाता है। किंतु यह समुदाय अपने को वाल्मीकि कहलाना ही पसंद करता है। ये वर्ग महाऋषि वाल्मीकि का वंशज कहलाता है। इनका मानना है कि मुस्लिम काल में इस्लाम कबूल न करने के कारण इन्हें सफाई और मैला उठाने का काम सजा के रूप में करने के लिए मजबूर किया गया। कालांतर में यह एक अलग जाति के रूप में मानी जाने लगी। इनका ज्यादातर काम शहरी इलाकों में ही है क्योंकि गांव में तो बाहर खुले में शौच जाने का प्रचलन रहा है। शहरी इलाकों में जब फ्लश शौचालयों का प्रचलन नहीं था, तब शुष्क शौचालयों की सफाई का काम बहुत ही गंदगी भरा था।

1993 में कानून बना कर शुष्क शौचालय बनाने और उसकी दस्ती सफाई को गैर कानूनी घोषित कर दिया गया। किंतु अभी तक भी यह पूरी तरह से बंद नहीं हुआ है। 2013 में दस्ती मैला सफाई के लिए नियुक्ति पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। फिर भी 2018 में देश के 170 जिलों में 42303 दस्ती मैला सफाई कामगार पाए गए। पूरे देश में सर्वे से ही पूरी स्थिति का पता चलेगा। यह आंकड़े 'सफाई कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय आयोग' के वार्षिक सर्वे से प्राप्त हुए हैं। इस सर्वे रिपोर्ट में और भी कई चिंताजनक उद्घाटन हुए हैं। शुष्क शौचालयों पर प्रतिबंध के बाद आधुनिक सीवर व्यवस्था की सफाई भी हाथों से, और सीवर में घुस कर करनी पड़ती है। सैप्टिक टैंक खाली करने का काम भी इसी तरह होता है। सीवर और सैप्टिक टैंक सफाई के दौरान इनमें बनी जहरीली गैसों के कारण अनेक कामगारों की मौत हो जाती है। अखघ्बारों में भी कई बार इसके समाचार आते रहते हैं। 1993 से 2020 तक 928 सीवर और सैप्टिक टैंक मौतें सामने आई। हालांकि 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। अतः असली आंकड़ा ज्यादा हो सकता है। हैरानी और लापरवाही की बात है कि आज के तकनीकी युग में इन खतरनाक कामों के लिए भी सुरक्षा उपकरणों और मशीनीकरण की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा सीवर मृत्यु के मामलों में 10 लाख मुआवजा दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं, किंतु 10 लाख के हिसाब से 928 में से 575 मामलों में ही मुआवजा राशि दी गई है और पीडिघ्त परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी का भी आदेश पारित हुआ था।

किंतु क्योंकि अधिकांश कामगार ठेके पर ठेकेदारों द्वारा भर्ती किए गए होते हैं, इसलिए कोई लाभ पीडिघ्तों को नहीं मिल पाता। ठेकेदारी प्रथा में न्यूनतम वेतन व्यवस्था भी लागू नहीं हो पाती। हालांकि नगर निकाय प्राथमिक नियोक्ता होने के कारण न्यूनतम मजदूरी भुगतान करवाने का जिम्मेदार होना चाहिए, किंतु वे भी इस दिशा में कोई ध्यान नहीं देते हैं। अब आयोग ने तो 25 लाख मुआवजे की अनुशंसा की है, किंतु जमीनी क्रियान्वयन कितना होता है, यह अभी देखना बाकी है। सफाई कर्मियों को अधिकांश रोजगार नगर निकायों में ही मिलता है। उनके पास हमेशा बजट की कमी बनी रहती है और उसका खामियाजा सबसे निचले पायदान पर बैठे सफाई कामगारों को ही उठाना पड़ता है। इसलिए नगर निकायों में सफाई कामगारों के लिए अलग से निर्धारित राशि का प्रावधान होना चाहिए। इसके अलावा रेलवे भी सफाई कामगारों को रोजगार देने वाली बड़ी इकाई है। रेलवे का इस मामले में और भी बुरा हाल है। वहां तो रेलवे लाइनों की दस्ती मैला सफाई खुले आम जारी है। हालांकि आयोग द्वारा मामला उठाए जाने के बाद रेलवे ने भी कुछ प्रयास शौचालय सुधार की दिशा में उठाए हैं, किंतु पटरियों की सफाई की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आया है। वाल्मीकि समुदाय के लिए वैकल्पिक व्यवसाय अपनाने की दिशा में पर्याप्त प्रशिक्षण व्यवस्था का भी अभाव है। हालांकि कुछ कार्यक्रम चल रहे हैं, किंतु उनका लाभ उठाने के रास्ते में भी कई कठिनाइयां हैं, जिनमें शिक्षा का अभाव, स्वास्थ्य की बुरी हालत, नाम पर राजस्व भूमि दर्ज न होने के कारण स्थायी निवास प्रमाणपत्र न होना आदि कई समस्याएं हैं। शिक्षा में ज्यादातर प्राथमिक शिक्षा से आगे पढाई नगण्य है। स्वास्थ्य के मामले में इनके काम की स्थितियां इतनी चुनौतीपूर्ण हैं कि इनकी औसत आयु मात्र 32 वर्ष है। हिमाचल प्रदेश में एक अध्ययन में शिमला नगर निगम में 28 महीनों में 16 मृत्यु दर्ज हुईं, जिनमें से हृदय रोग, कैंसर, गुर्दा खराबी आदि प्रमुख कारण पाए गए। हिमाचल प्रदेश में 22 फीसदी के पास ही घर बनाने के लिए थोड़ी सी भूमि उपलब्ध है। 23 फीसदी के पास अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र नहीं हैं। 76 फीसदी के पास स्थायी हिमाचली निवासी प्रमाणपत्र नहीं हैं। 22 फीसदी ही दैनिक भोगी कर्मचारी हैं, शेष ठेकेदारों के माध्यम से काम करते हैं। रिहायश की स्थितियां भी अत्यंत चिंताजनक हैं। 40 फीसदी एक कमरे में रहते हैं। 33 फीसदी के पास दो कमरे हैं। 20 फीसदी के पास रसोई नहीं है। रिहायशी कमरे में ही खाना भी बनता है। इस बदहाली में यह समाज रह रहा है, जिसकी ओर न सिर्फ सरकार बल्कि आम शहरियों को भी ध्यान देने और दबाव बनाने की जरूरत है। उनके काम को सम्मानजनक बनाने के लिए इसका पूरी तरह मशीनीकरण होना चाहिए। सुरक्षात्मक पहनावा, घर योग्य जमीन दे कर गृह निर्माण सहायता और सरकार द्वारा चलाई जा रही अनुसूचित वर्ग के लिए सहायता योजनाओं और सफाई कामगारों के लिए विशेष योजनाओं का लाभ दिलाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। सफाई कर्मचारी आयोग को केंद्र सरकार के स्तर पर स्थायी बनाया जाना चाहिए और इनकी अनुशंसाओं को बाध्यकारी बना कर लागू करने की मजबूत व्यवस्था की स्थापना होनी चाहिए, ताकि हम सभी के लिए सफाई जैसी आवश्यक सेवा प्रदान करने वाले समुदाय को सम्मानजनक जीवन यापन प्राप्त हो सके और राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसे जनहितकारी उपक्रमों को मजबूती मिल सके।

# रवि दहियाः दृढ़ इरादों ने बनाया ओलम्पिक विजेता

## ओलम्पिक में रजत जीतने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बने रवि

–योगेश कुमार गोयल–

5 अगस्त का दिन टोक्यो के 'खेलों के महाकुंभ' में भारत के लिए ऐतिहासिक रहा। दरअसल इस दिन न केवल भारतीय हॉकी टीम ने जर्मनी को 5–4 से हराकर ओलम्पिक में भारत का 41 वर्षों का सूखा खत्म कर कांस्य पदक जीता, वहीं शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया रजत पदक जीतने में सफल रहे। हालांकि भारतीय पहलवानों दीपक पूनिया, विनेश फोगाट और अंशु मलिक को निराशा हाथ लगी लेकिन खेलों के इस महाकुंभ में अभी कुछ ऐसी स्पर्धाएं हैं, जिनमें भारत को अपने कुछ और खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद है।

वैसे रवि को ओलम्पिक के फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने की पूरी उम्मीद थी लेकिन 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में 2018 और 2019 के विश्व चौम्पियनशिप रह चुके रूस ओलम्पिक समिति के पहलवान जावुर युगुऐव से 7–4 से हारने के बाद उनका यह सपना चकनाचूर हो गया। अभीतक कुश्ती में कोई भी भारतीय पहलवान स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुआ है और इस बार रवि इसी उम्मीद के साथ टोक्यो गए थे। रजत जीतने के बाद उन्होंने कहा भी है कि वह गोल्ड मेडल की उम्मीद से टोक्यो आए थे और रजत से संतुष्ट नहीं हैं। वैसे ओलम्पिक में व्यक्तिगत स्पर्धा में आजतक केवल अभिनव बिंद्रा ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जो स्वर्ण पदक जीत सके हैं। उन्होंने 2008 के बीजिंग ओलम्पिक में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत की झोली में इतनी बड़ी जीत डाली थी।

हालांकि ओलम्पिक के रेसलिंग मुकाबलों में रवि का रजत पदक भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि ओलम्पिक खेलों के इतिहास में पदक जीतने वाले वे पांचवें पहलवान हैं और रेसलिंग में भारत का केवल छठा पदक है। पहलवान सुशील कुमार ने ओलम्पिक में लगातार दो बार पदक जीते थे। भारत को सबसे पहले 1952 में हेलसिंकी ओलम्पिक में पहलवान केडी जाधव ने कांस्य पदक दिलाया था। उसके बाद रेसलिंग में पदक के लिए 56 वर्षों का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उस लंबे सूखे को 2008 में सुशील कुमार ने बीजिंग ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतकर खत्म किया था। उसके बाद 2012 के लंदन ओलम्पिक में दो भारतीय पहलवानों ने जीत का परचम लहराया। सुशील कुमार रजत और योगेश्वर दत्त कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। 2016 के रियो ओलम्पिक में साक्षी मलिक ने कांस्य पदक हासिल किया था। अगर टोक्यो ओलम्पिक की बात करें तो रवि से पहले भारोत्तोलन में मीराबाई चानू, बैडमिंटन में पीवी सिंधु, मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन और भारतीय हॉकी टीम भारत के लिए पदक जीत चुके हैं।

जहां तक 23 वर्षीय भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया के ओलम्पिक में प्रदर्शन की बात है, सुशील कुमार के बाद वह ओलम्पिक में रजत पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बन गए हैं। ओलम्पिक में रवि ने पहले दौर में कोलम्बिया के टिगरेरोस उरबानो ऑस्कर एडवर्डो को 13–2 से हराकर शानदार शुरुआत की थी और 4 अगस्त को अपने ओलम्पिक अभियान की मजबूत शुरुआत करते हुए क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया के जॉर्डी वेलेंटिनोव वेंगेलोव को तकनीकी दक्षता के आधार पर 14–4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। 4 अगस्त को रवि ने पुरुषों के 57 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान के नूरीस्लाम सानायेव को विक्ट्री बाई फॉल के जरिये पटखनी देते हुए रजत पदक पक्का कर लिया था। सेमीफाइनल मुकाबले में जब रवि ने मैच के आखिरी मिनट में कजाक पहलवान को अपनी मजबूत भुजाओं में जकड़ लिया था, तब उसने रवि की पकड़ से छूटने के लिए खेल भावना के विपरीत उनकी बांह पर दांतों से काटना शुरू कर दिया था लेकिन रवि ने अपने दबंग इरादों का परिचय देते हुए अपनी मजबूत पकड़ ढ़ीली नहीं होने दी और उसे चित्त करते हुए मुकाबला अपने नाम किया था।

12 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के सोनीपत जिले के नाहरी गांव में जन्मे रवि कुमार दहिया ने केवल छह वर्ष की आयु में गांव के हंसराज ब्रह्मचारी अखाड़े में कुश्ती शुरू कर दी थी। दरअसल यह गांव पहलवानों का गांव माना जाता है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां का लगभग प्रत्येक बच्चा कुश्ती में अपने हाथ आजमाता है। कुछ समय बाद वह उत्तरी दिल्ली के उस छत्रसाल स्टेडियम में चले गए, जहां से दो ओलम्पिक पदक विजेता सुशील कुमार और योगेश्वर दत्त निकले हैं। वहां 1982 के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रहे सतपाल सिंह ने उन्हें दस वर्ष की आयु में ही ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी थी। रवि के पिता राकेश एक भूमिहीन किसान थे, जो बंटाई की जमीन पर खेती किया करते थे। उनकी दिली तमन्ना थी कि उनका बेटा पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन करे और अपनी इसी ख्वाहिश को पूरा करने के लिए उन्होंने आर्थिक संकट के बावजूद बेटे की ट्रेनिंग में कोई कमी नहीं आने दी। वह प्रतिदिन बेटे तक फल ओर दूध पहुंचाने के लिए नाहरी गांव से 40 किलोमीटर दूर छत्रसाल स्टेडियम तक जाया करते थे।

बहरहाल, दो बार के एशियन चौम्पियन रह चुके रवि ने जिस अंदाज में कुछ दिग्गज पहलवानों को हराते हुए टोक्यो ओलम्पिक के लिए क्वालीफाई किया था और कजाकिस्तान के नूर सुल्तान में अपनी पहली ही 2019 विश्व रेसलिंग चौम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने में सफल हुए थे, उसे देखते हुए उनसे ओलम्पिक में श्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीदें काफी बढ़ गई थी। टोक्यो ओलम्पिक में वह भले ही स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुए लेकिन उन्होंने भारत को अपने दमदार प्रदर्शन से रजत जीतकर निराश नहीं किया। 2019 में कजाकिस्तान के नूर सुल्तान में हुई विश्व कुश्ती चौम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जापान के युकी ताकाहाशी को 6–1 से मात देते हुए सेमीफाइनल में पहुंचकर रवि ने टोक्यो ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई किया था और ईरान के रेजा अत्री नागाहरची को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया था।

विश्व चौम्पियनशिप में 57 किलोग्राम वर्ग में कई शीर्ष पहलवानों को हराकर रवि ने साबित कर दिया था कि उनमें कितना दमखम है। वह एशियन चौम्पियनशिप में दो बार स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। 2015 में उन्होंने 55 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में सल्वाडोर डी बाहिया में विश्व जूनियर कुश्ती चौम्पियनशिप में रजत पदक भी जीता था। 2017 में लगी चोट के बाद वह करीब एक साल तक कुश्ती से दूर रहे थे और उसके बाद 2018 में बुखारेस्ट में विश्व अंडर–23 कुश्ती चौम्पियनशिप में 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर धमाकेदार वापसी करने में सफल हुए थे। उस चौम्पियनशिप में वह भारत का एकमात्र पदक था। नई दिल्ली में 2020 की एशियाई कुश्ती चौम्पियनशिप और अलमाटी में 2021 की एशियाई कुश्ती चौम्पियनशिप में रवि ने स्वर्ण पदक जीता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

# शादियों में मजहब का अड़ंगा?

–डॉ.वेदप्रताप वैदिक–

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भारत के मुसलमानों के नाम आज एक अपील जारी करके कहा है कि वे किसी गैर–मुस्लिम से शादी न करें। यदि वह ऐसा करते हैं तो यह बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण होगा। बोर्ड का पूरा सम्मान करते हुए मैं कहना चाहता हूं कि यदि देश में अंतरधार्मिक, अंतरजातीय और अंतरभाषिक शादियों की बाढ़ आ जाए तो यह देश हिमालय से अधिक सुदृढ़ बन जाएगा। मैं तो वह दिन देखना चाहता हूं कि ऐसी शादियों की संख्या देश में हर साल कम से कम एक करोड़ जरुर हो जाए। प्रेम–सगाई से बड़ी दुनिया में कोई सगाई नहीं हो सकती। उससे बड़ा कोई धर्म–विवाह नहीं हो सकता। यदि भारत में ऐसी शादियों की संख्या बढ़ जाए तो सबसे बड़ा खतरा उन नेताओं के लिए पैदा हो जाएगा, जिनकी राजनीति का आधार सांप्रदायिकता, जातिवाद, प्रांतवाद आदि बना हुआ है। ऐसे नेताओं और पार्टियों को अपनी दुकानें समेटनी पड़ जाएंगी। इसके अलावा मिश्रित धर्मों और जातियों के लोगों के लिए आरक्षण की पोंगापंथी परंपरा अप्रासंगिक हो जाएगी। ऐसे परिवारों में पैदा हुए बच्चे अपने माता–पिता के धर्मों की अच्छी–अच्छी बातें स्वीकार करेंगे और वे उन धर्मों की गई–गुजरी तथा तर्कहीन परंपराओं का परित्याग कर सकेंगे। वे अंधविश्वास की बेड़ियों में जकड़े नहीं रहेंगे। इतना ही नहीं, जिन देशों में अब भी आम लोगों पर मजहबों का नशा चढ़ा रहता है, उनमें ऐसे लोगों की संख्या बढ़ेगी, जो दूसरे मजहबों के लोगों के प्रति उदार होंगे। दूसरे शब्दों में धार्मिक साहिष्णुता अपने आप बढ़ेगी। सभी मजहबों के धर्मग्रंथ आप देख डालिए। किसी भी धर्मग्रंथ में आपको यह लिखा नहीं मिलेगा कि आप किस धर्म वाले से शादी करें और किस से न करें? ये धर्मग्रंथ ईश्वर ने बनाए हैं तो वह ईश्वर या अल्लाह ही क्या है, जो अपने बंदों में भेदभाव करे? यों भी वेदों के काल में सिर्फ आर्य थे। यहूदी, बौद्ध, जैन, ईसाई और मुसलमान नहीं थे। इसीलिए धर्म के आधार पर किसी के साथ शादी में परहेज की बात बिल्कुल बनावटी लगती है। हां, यदि सिर्फ धर्म–परिवर्तन के इरादे से कोई शादी की जाती है या भय, लालच, ठगी उसके पीछे है तो वह बिल्कुल अनैतिक है। ऐसी शादियां अगर समानधर्मी हैं तो वे भी अनैतिक हैं। मुस्लिम बोर्ड ने देश के मुसलमानों से अनुरोध किया है कि वे अपनी बेटियों को सह–शिक्षा संस्थाओं में न पढाएं और उनकी शादियां भी वे छोटी उम्र में ही करवा दें। देरी न करें। क्यों न करें? क्योंकि फिर कहीं वे स्वेच्छा से अपना पति न चुन लें। हर हिंदू या मुसलमान या ईसाई लड़के और लड़की को उसकी स्वेच्छा से वंचित करके उसे शादी की भट्टी में झोंकना कहां तक उचित है?

# सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स सिंचाई करेगा बड़ा आन्दोलन

## नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, प्रान्तीय बैठक

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग के दूसरी बार अध्यक्ष बने इं. सुधीर पंवार और महासचिव इं. नितेन्द्र श्रीवास्तव की कार्यकारिणी को आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी इं. एस.पी. मिश्रा ने संघ रत्न, पूर्व महासचिव इं. ध्यान प्रकाश राय की प्रतिमा के समक्ष शपथ दिलाई। इस अवसर पर चुनाव समिति के सदस्य इं. उदयभान यादव, इं. श्रीप्रकाश गुप्ता, इं. बी.पी.सिंह सैनी, इं. गजेन्द्र कुमार और इं. संदीप कुमार शर्मा उपस्थित थें। शपथ ग्रहण के उपरान्त पहली कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष इं. सुधीर पंवार और परवेज आलम सिद्दिकी,वत्त सचिव– इं.प्रदीप कुमार शुक्ल, अतिरिक्त महासचिव (पूर्व)– इं.अजय कुमार, अतिरिक्त महासचिव (पश्चिम)– इं. देवी दास धारिया,अतिरिक्त महासचिव (मध्य) इं.हेमेंद्र कुमार रावत,सचिव स्थायी सम्पदा–इं.महेश नारायण,प्रकाशन सचिव इं.राजेश पाण्डेय,प्रचार सचिव– इं.महेश चक,सचिव अवशेष– इं.बृजेश कुमार वशिष्ठ,सचिव हितैषिता निधि– इं. श्रवण कुमार,सचिव परिवेदना– इं. रवि कुमार यादव,लेखा सम्प्रेक्षक प्रथम– इं.सुशील चन्द और लेखा सम्प्रेक्षक द्वितीय इं.अवधेश कुमार को शपथ दिलाई गई।



महासचिव इं. नितेन्द्र श्रीवास्तव ने संयुक्त से कहा कि संघ अतिशीघ्र संवर्ग की समस्याओं के निस्तारण के लिए बड़ा आन्दोलन करेगा।

सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग उ.प्र. के 65वें प्रान्तीय महाधिवेशन 7 अगस्त को संघ भवन में प्रदेश के समस्त 18 मण्डलों व 75 जनपदों के पदाधिकारियों के अतिरिक्त अखिल भारतीय डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ, उत्तर प्रदेष डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के संघ के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त इस संघ के केन्द्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रान्तीय अध्यक्ष– इं.सुधीर पंवार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष– इं.रामचन्द्र,उपाध्यक्ष– इ. अजय प्रताप सिंह,महासचिव– इं. नितेन्द्र श्रीवास्तव,सचिव प्रोन्नत– इं. प्रान्तीय कार्यकारिणी की पहली बैठक में विभाग में नीति विरूद्ध स्थानान्तरण, प्रताड़ना की निन्दा करते हुए सहायक अभियंता पर वर्षो से लम्बित एसीपी, जूनियर इंजीनियर से सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति, माननीय उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायलय के आदेशानुसार पुरानी पेंशन बहाली और नई पेंषन से आच्छादित कार्मिकों के मामले में भारत सरकार के आदेश 17 फरवरी 2020 और 3 जून 2021 के आदेश को प्रदेश में लागू कराये जाने की मांग पर मंथन के उपरान्त इन मांगों की प्रतिपूर्ति के लिए अतिशीघ्र बैठक कर आन्दोलन तिथि घोषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्ष इं. सुधीर पंवार और संचालन इं. नितेन्द्र श्रीवास्तव ने किया।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। दिनांक 07.08.2021 को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महोदय उन्नाव एवं पुलिस अधीक्षक उन्नाव व मुख्य विकास अधिकारी उन्नाव तहसील सफीपुर में जनता की समस्याओं को सुनते हुए।

# मुख्य विकास अधिकारी दुव्यांशु पटेल ने बताया वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के कंट्री हेड विशु पाराजुली व उनकी टीम का उन्नाव जनपद में द्वारा संपन्न हुआ

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सूचना विभाग) मुख्य विकास अधिकारी दुव्यांशु पटेल ने बताया आज वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के कंट्री हेड विशु पाराजुली व उनकी टीम का उन्नाव जनपद में द्वारा संपन्न हुआ स इस दौरे का उद्देश्य शासन की चल रही लोक कल्याणकारी योजनाओं की स्थलीय जानकारी लेना साथ ही बीघापुर तहसील क्षेत्र में चल रही टेक होम राशन प्लांट पर जाकर वहां कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत कर इस योजना की समीक्षा करना वॉइस में उत्तरोत्तर प्रगति की योजना बनाना था पाराजूली ने इस अवसर पर ग्राम बहूरानी मऊ में एक उचित दर की दुकान व एक आंगनवाड़ी केंद्र का भी दौरा किया और वहां कार्यरत महिलाओं व कर्मचारियों से बातचीत करके उनकी समस्यायों और आम जनता को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। पराजुली ने मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल से बातचीत के दौरान शासन की योजनाओं के स्थलीय क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया साथ ही उन्होंने सीडीओ उन्नाव से टेक होम राशन प्लांट केवी पर आ रही विद्युत फीडर की समस्या को तत्काल सुधारने का आग्रह किया।

इस अवसर पर उन्होंने उचित दर दुकान पर मौजूद राशन की क्वालिटी व आंगनवाड़ी केंद्र पर मौजूद आंगनवाड़ी कार्यकत्री महिलाओं से बातचीत कर संतोष व्यक्त किया । पारा जूली ने टेक होम राशन प्लांट के संचालन के संबंध में समूह की महिलाओं से विस्तार में बात करते हुए उन्हें इस प्लांट को ग्रामीण आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बनाने की अपील की , इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल ने पराजुली को अवगत कराया कि इसी तरह का एक और अवगत कराया गया कि "उद्योग बंधु ' के तहत उद्योगों से उनकी समस्याओं व उनसे समाज मे सकारात्मक योगदान हेतु बैठके आयोजित की जाती है और इस दिशा में वो अब स्वयं कमान





प्लांट जल्द ही हिलौली में शुरू होने जा रहा है साथ ही "आत्म निर्भर भारत " अभियान के अंतर्गत पूरे जनपद उन्नाव में समूह गठन करके रोजगार के नए अवसर यथा मधुमक्खी पालन, सोलर प्रोडक्ट इत्यादि से महिलाओं को जोड़कर आर्थिक स्वावलंबन का मॉडल प्रस्तुत करने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। पराजुली द्वारा सीडीओ उन्नाव को ओडीओपी के तहत यहां चल रहे उद्योग इकाइयों से समन्वय स्थापित कर इसे गांव स्तर तक पहुचाने का सुझाव दिया गया जिस पर सीडीओ उन्नाव द्वारा उन्हें सम्भाल कर उन्नाव जनपद के ओडिओपी प्रोडक्ट्स को उचित मार्किट मुहैया कराने की दिशा में सक्रिय प्रयास करेंगे ।

उल्लेखनीय है कि पाराजुली ने कल अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास व अन्य उच्च अधिकारियों के अतिरिक्त उप्र के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ से भी भेंट की थी और आज वो उन्नाव के दौरे पर थे। आशा की जा रही है उनके इस दौरे के बाद उन्नाव जनपद के विकास कार्यों को और भी गति मिलेगी ।

# उन्नाव पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा अचलगंज थाने का किया गया अचौक निरीक्षण

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव द्वारा थाना अचलगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय व सीसीटीएनएस में अभिलेखों को चेक किया गया तत्पश्चात महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया गया तथा हेल्पडेस्क मे तैनात महिला आरक्षी को थाने पर आने वाली महिला शिकायतकर्ताओं/पीड़िताओं के साथ शालीन व्यवहार करते हुए हरसंभव सहायता करने हेतु निर्देशित किया गया।





अवध की आवाज ब्यूरो

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत घनिया गांव के सामने छोटा हाथी ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर मौके पर युवक की हुई मौत युवक कंचन नगर में रहता था युवक का नाम अकिल मिश्रा एचडीएफसी बैंक में कर्मचारी था।

# युवक को रस्सी से बांध पीट–पीटकर हत्या करने का वीडियो वायरल, पुलिस बता रही आपसी विवाद

चंदौली। एक युवक को रस्सी से बांधकर पीट–पीटकर हत्या करने का वीडियो शनिवार सुबह से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। निर्मम हत्या का वीडियो काफी भयावह है।



वायरल वीडियो चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के महरथां गांव का बताया जा रहा है। पुलिस ने इस घटना के बारे में कहा कि मामला आपसी विवाद का है। दलित युवक की हत्या का आरोप परिजन सहित कई ग्रामीणों पर है। हालांकि अभी तहरीर नहीं दी गई है। जानकारी के अनुसार जिस युवक की हत्या की गई है वह मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि कई दिनों पहले ही मृतक ने गांव के कई लोगों पर हमला कर घायल कर दिया था। जिसके बाद बीते बृहस्पतिवार को गांव के ही कुछ लोगों ने युवक को रस्सी से बांधकर लाठी–रॉड से इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई। वायरल वीडियो में महिलाएं भी दिख रहीं हैं। घटना का वीडियो सामने आने पर सीओ सदर रामवीर सिंह ने बताया कि युवक की मौत तो जरूर हुई है पर यह मामला आपसी विवाद का है और पुराना है। हालांकि अन्य सवालों के जवाब से पुलिस बचती दिखी।

# बिहार में जातीय जनगणना की सियासत के बीच, सवर्णो पर पकड़ मजबूत करने की कवायद

पटना, (वेबवार्ता)। बिहार में जाति के आधार पर राजनीति कोई नई बात नहीं है। सत्ता पक्ष के कई दल हो या विपक्षी दल इन दिनों जातिगत जनगणना को लेकर एक सुर में बोल रहे हैं, लेकिन ये दल सवर्ण मतदाताओं में भी अपनी पकड़ मजबूत करने में चूक करना नहीं चाहते हैं। बिहार के प्रमुख राजनीतिक दलों पर गौर करें तो सभी दलों में सवर्ण नेताओं की पूछ बढ़ी है। ऐसा नहीं कि यह कोई पहली मर्तबा हो रहा है। गौर से देखें तो कई प्रमुख दल भले ही जातीय जनगणना को लेकर मुखर हैं, लेकिन पार्टी के नंबर एक की कुर्सी पर सवर्ण जाति के ही नेता बने हुए हैं। राजद की बात करें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप भले ही इस पार्टी का नेतृत्व लालू प्रसाद के हाथ में हो लेकिन बिहार प्रदेश की कमान जगदानंद सिंह संभाल रहे हैं, जो राजपूत जाति से आते हैं। वैसे, राजद का वोट बैंक यादव और मुस्लिम माना जाता है। माना यह भी जाता कहा कि राजद सामाजिक न्याय की राजनीति करती रही है।

बिहार में सत्ताधारी जनता दल (युनाइटेड) की बात करें तो इस पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सोशल इंजीनियरिंग का माहिर खिलाड़ी माने जाते है, ऐसे में जदयू की मजबूती लव कुश समीकरण के साथ–साथ अति पिछड़ों में मानी जाती है। ऐसे में जदयू ने हाल में मुंगेर के सांसद ललन सिंह को पार्टी की कमान देकर सवर्ण को साधने की कोशिश में जुट गई है। इधर, कांग्रेस बिहार में प्रारंभ से ही सवर्ण मतदाताओं की पार्टी मानी जाती है। प्रारंभ में सवर्ण मतदाता कांग्रेस के साथ रहते रहे हैं, बाद में हालांकि ये मतदाता छिटक कर दूर चले गए। इसके बावजूद आज भी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर मदन मोहन झा विराजमान हैं, जो ब्राह्मण समाज से आते हैं। ऐसे में कांग्रेस सवर्ण मतदाताओं को यह स्पष्ट संदेश देना चाहती है कि उसके लिए सवर्ण मतदाता पहले भी महत्वपूर्ण थे और आज भी हैं।

भाजपा की पहचान सवर्ण की राजनीति करने वाली पार्टी के तौर पर होती है। ऐसे में देखा जाए तो भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर सांसद संजय जायसवाल विराजमान हैं, जो वैश्य जाति से आते हैं। भाजपा हालांकि जातीय आधारित जनगणना के विरोध में खड़ी नजर आ रही है। बिहार के जाने माने पत्रकार अजय कुमार कहते हैं कि इसमें कोई दो राय नहीं कि बिहार की राजनीति जाति आधारित होती है। राजनीति में कई विवादास्पद मुद्दे जैसे राम मंदिर, जम्मू कश्मीर में धारा 370 का समाप्त होना, तीन तलाक कानून सहित कई मुद्दों की समाप्ति के बाद समाजवादी विचारधारा के समर्थन वाली पार्टियों के पास बहुत ज्यादा मुद्दे नहीं बचे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की पहचान सवर्ण समाज पार्टी के रूप में रही है। ऐसे में अन्य दल भी प्रतीकात्मक रूप से ही सही बडे पदों पर सवर्ण समाज से आने वाले नेताओं को बैठाकर यह संदेश देने की कोशिश में जुटी है कि उनके लिए सवर्ण समाज से आने वाले लोग भी महत्वपूर्ण हैं।

# महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आई ई टी में तीन दिवसीय आंगनबाड़ी प्रशिक्षण शिविर का किया उद्घाटन

### बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा अतिमहत्वपूर्णः मा. आनंदीबेन पटेल

लखनऊ। नई शिक्षा नीति में बहुत बल है। इसमें चार वर्ष, चार से पांच व 5 से 6 वर्ष की शिक्षा आंगनबाड़ी केंद्र का भाग है। भारत का भविष्य बनाने के लिए नन्हे–मुन्नों को संस्कारित शिक्षा दी जानी चाहिए। बच्चे को 7 वर्ष तक जो सिखाया व पढ़ाया जाता है, उसका 80 फीसदी उनकी आदत में ढल जाता है। इसलिए प्रारंभिक शिक्षा अतिमहत्वपूर्ण है। बच्चे अपने घर में देखी, सुनी हुई चीजों व व्यवहार को लेकर आंगनबाड़ी में आते हैं। इसलिए आंगनबाड़ी को बच्चे के अंदर की कमियों को दूर कर उसी के अनुरूप बात, व्यवहार, पढ़ाई, खेल आदि क्रियाकलाप करें। उक्त बातें प्रदेश की राज्यपाल मा. आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग और विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित आंगनबाड़ी के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कहीं। महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी ने कहा कि विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा पूरा आयोजन हो रहा है। आंगनबाड़ियों को जनशक्ति कैसे मिले, उसी पर यह कार्यक्रम हो रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में पहले पांच साल में तीन साल आंगनबाड़ी के लिए हैं। बच्चा घर में जो भी गलत–सही कार्य करेगा, वह आंगनबाड़ी में भी करेगा। हमारे बच्चों में बेहतर और दोष क्या है इसका पता आंगनबाड़ी से ही चल सकता है और इसी आधार पर उनका भविष्य निखारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिशु शिक्षा गर्भाधान से लेकर सात साल तक होती है, ऐसे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका और बड़ी हो जाती है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं हमारे देश के भविष्य का निर्माण करने का काम कर रही हैं, उनका सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी में बच्चों को उठने–बैठने, हाथ–पैर ऊपर–नीचे करने आदि का सलीका सिखाएं। खेल, खिलौना, प्रदर्शनी कीट आदि के माध्यम से भाषा, गणित, विज्ञान, रंगों, अंकों का ज्ञान कराएं। पर्यावरण, संयुक्त परिवार, राष्ट्रप्रेम, अच्छी सीख विषयक बाल कहानियां रोचक ढंग से सुनाएं। बच्चों के सुनने, पूछने व बोलने की सहभागिता कराएं, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिला ग्राम प्रधान के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में भी गर्भ संस्कार का कोई पाठ्यक्रम होना चाहिए ताकि हमारे युवा और युवतियां जागरूक हो सकें। उन्होंने कहा कि मां जब बीमार होगी तक बीमार बच्चे को ही जन्म देगी, ऐसे में हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज 50 फीसदी महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी है, जो चिंता का विषय है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाति सिंह ने कहा कि महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा और उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश की जनता बहुत सौभाग्यशाली है कि उत्तर प्रदेश को ऐसी राज्यपाल मिली जो एक मार्गदर्शक भी हैं और एक मां की भूमिका में भी हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण उपयोगी होगा। कार्यकत्रियों से अपेक्षा भी है कि वह जैसे अपने बच्चों के साथ रहती हैं, उसी भावना के साथ आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ भी करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1,88,982 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जहां 41 लाख से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ये बच्चे प्रारंभिक शिक्षा लेकर अपनी नींव मजबूत करके आगे आएंगे और देश का भविष्य उज्ज्वल करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का मॉडल पूरे देश मे रोल मॉडल बनकर उभरे और पूरा देश उस मॉडल पर चले।






विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री शिवकुमार ने सनातन परम्परा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में प्राचीन काल से ही सोलह संस्कारों का वर्णन है, जो वैज्ञानिक रूप में जीवन की रचना के विकास के आयाम हैं। उन्होंने कहा कि शैशवकाल से ही बच्चे का भावनात्मक विकास शुरू होता है, जिसमें मां की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवस्था में बच्चों के अंदर जैसा बीजारोपण किया जायेगा, वैसा ही उनके जीवन का आधार होगा। उन्होंने कहा कि बच्चा अनुसरण से सीखता है और उसके अंदर जिज्ञासाएं उत्पन्न होती हैं। बच्चों की जिज्ञासाओं की समाधान होना ही चाहिए। इससे बच्चों की बुद्धि प्रखर होती है और वे मेधावी बनते हैं। जीवन के किसी भी क्षेत्र में वे सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते हैं। उन्होने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि उनके मन में उठने वाली सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जाए।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीपप्रज्जवलन और पुष्पार्चन के साथ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा विद्या भारती की अखिल भारतीय बालिका शिक्षा संयोजिका सुश्री रेखा चूड़ासमा जी ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का परिचय विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख विजय कुमार उपाध्याय ने और धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय सह प्रमुख शिशु वाटिका मीरा श्रीवास्तव जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन अवध प्रांत की प्रांत प्रमुख संयोजिका श्रीमती हीरा सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षक मार्गदर्शिका का विमोचन भी किया गया। इस कार्यक्रम में विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री मा. शिवकुमार जी, अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री मा. यतीन्द्र जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मा. हेमचन्द्र जी, क्षेत्रीय प्रचार सौरभ मिश्रा जी, सह प्रचार प्रमुख भास्कर दूबे, शिशु वाटिका प्रमुख विजय उपाध्याय , बालिका शिक्षा प्रमुख उमाशंकर मिश्रा जी ऐ के टी यू के कुलपति श्री विनय कुमार पाठक, ऐकेटीयू के डायरेक्टर विनीत कंसल, ऐकेटीयू के रजिस्ट्रार प्रदीप बाजपेई तथा आई ई टी के सभी शिक्षक गण बाल विकास एवं पुष्टाहार की प्रमुख सचिव वी हिकाली झिमोमी , विशेष सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार गरिमा यादव, निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार डॉक्टर सारिका मोहन, अपर निदेशक प्रशासन डाक्टर विभा चहल,राज पोषण मिशन निदेशक कपिल सिंह के साथ साथ जनपद लखनऊ के जिलाधिकारी श्री अभिषेक प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेंद्र दुबे आदि उपस्थित थे।

# खीरी में हुआ वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन

## पीआईबी के एडीजी आरपी सरोज ने पत्रकारों के हितार्थ चल रही योजनाओं की दी जानकारी

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ द्वारा जिला पंचायत सभागार में वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया, अपर महानिदेशक, (प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो/दूरदर्शन/ रीजनल आउटरीच ब्यूरो) आरपी सरोज, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय व अम्बरीश सिंह ने दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया।



डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया ने वार्तालाप कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड–19 का खतरा अभी टला नहीं है। इसलिए सभी को सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क प्रयोग की अनिवार्यता को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। जिले में 10 ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत हुए। जिनमें छह ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं। वहीं चार ऑक्सीजन प्लांट जल्द ही शुरू किए जाएंगे। जिन पर कार्य चल रहा है। जिले में मेडिकल कॉलेज का भी कार्य शुरू हो चुका है। वैक्सीनेशन ही कोविड से बचाव है। उन्होंने कोविड–19 की आगामी संभावित लहर के चलते की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। जल्द ही ओयल के मोतीपुर में स्थापित 200 बेडेड एमसीएच हॉस्पिटल में आरटी पीसीआर लैब की स्थापना की जाएगी।

कार्यक्रम के शुरुआत में अपर महानिदेशक आरपी सरोज ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार पत्रकारों के कल्याण हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करने के साथ ही पत्रकारों के कल्याण के लिए नित नए कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार जर्नलिस्ट वेलफेयर स्कीम के जरिए पत्रकारों की आकस्मिक मृत्यु पर उनके परिवारी जनों को 05 लाख की आर्थिक सहायता दिए जाने का प्रावधान है।

कार्यक्रम का सफल संचालन मीडिया एवं संचार अधिकारी सुंदरम चौरसिया ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेंद्र भटनागर ने जिले में कोविड–19 की अद्यतन स्थिति के विषय में विस्तार से बताया। सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को एक एक कर रेखांकित किया। सरकार गरीबों के कल्याण हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाओं क्रियान्वित कर उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के प्रयासों से वयोश्री योजना हेतु जिले का चयन किया गया। इस योजना के जरिए 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले वृद्धजनों को उनकी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। वही एडिप योजना के जरिए दिव्यांगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आएगा। पत्रकार एनके मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में पत्रकारों ने भी अपने विचार रखे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अपर महानिदेशक आरपी सरोज ने आभार ज्ञापित किया।

# प्रधानमंत्री ने गोल्फ खिलाड़ी अदिति अशोक के प्रदर्शन को सराहा, कहा–आपने मिसाल कायम की

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोल्फ खिलाड़ी अदिति अशोक की शनिवार को प्रशंसा की और कहा कि वह तोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने से भले चूक गई हों लेकिन उन्होंने एक मिसाल कायम की है। भारत की अदिति अशोक शनिवार को ओलंपिक खेलों की गोल्फ स्पर्धा में पदक से मामूली अंतर से चूक गईं और खराब मौसम से प्रभावित चौथे दौर में तीन अंडर 68 का स्कोर करके चौथे स्थान पर रही। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, ''बेहतरीन खेलीं अदिति। तोक्यो 2020 में आपने शानदार कौशल और संकल्प का प्रदर्शन किया। आप पदक से मामूली अंतर से चूक गईं, लेकिन इसमें अब तक किसी भी भारतीय ने जो हासिल किया आप उससे कहीं आगे निकल गईं और आपने एक मिसाल कायम की है। भविष्य के लिए शुभकामनाएं। ओलंपिक में ऐतिहासिक पदक के करीब पहुंची अदिति ने सुबह दूसरे नंबर से शुरूआत की थी लेकिन वह पिछड़ गई। रियो ओलंपिक में 41वें स्थान पर रही अदिति ने हालांकि आशातीत प्रदर्शन किया है।



# दिल्ली विधानसभा अपनी शक्तियों को वापस पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रूख करेगी

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2021 द्वारा शक्तियों को कम करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ दिल्ली विधानसभा, उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, गोयल ने कहा कि मार्च में संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित और 27 जुलाई को अधिसूचित विधेयक ने कई विधानसभा समितियों को निष्प्रभावी बना दिया है, विशेष रूप से वे जो पूर्वोत्तर दिल्ली दंगों से संबंधित मुद्दों से निपट रही हैं। उन्होंने दावा किया कि जीएनसीटीडी अधिनियम, 1991 में संशोधन करके, केंद्र ने दिल्ली विधानसभा की समितियों को दिन–प्रतिदिन के प्रशासन से संबंधित मामलों के लिए नियम बनाने से रोक दिया है।

उन्होंने कहा, विधानसभा ने फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया है। हम पूरे अधिनियम को चुनौती नहीं देंगे, लेकिन इसके कुछ प्रावधान जो विधानसभा की समितियों की शक्तियों को कम करते हैं, उसको चुनौती देंगे। इस पूरे अधिनियम को चुनौती दी जाएगी या नहीं, इस पर सरकार निर्णय करेंगी। मैं उस पहलू पर टिप्पणी नहीं कर सकता।

गोयल ने कहा, हमें विश्वास है कि अदालत विधानसभा की शक्तियों को बहाल करेगी जो पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक कानून के माध्यम से छीन ली गई है। हमने इस मामले पर कानूनी परामर्श लिया है।

विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान, गोयल ने केंद्र पर उसकी शक्तियां छीनने का आरोप लगाया था और यहां तक कि इस मुद्दे पर चुप्पी बनाए रखने के लिए भाजपा विधायकों को भी फटकार लगाई थी।

गोयल ने सत्र के पहले दिन के दौरान कहा, यह मेरे लिए दर्दनाक था। मैं सो नहीं सका क्योंकि दिल्ली विधानसभा के अधिकार केंद्र द्वारा छीन लिए गए थे। मैं उम्मीद कर रहा था कि भाजपा विधायक मेरे पास आएंगे और कुछ कहेंगे। वे दिल्ली विधानसभा के सदस्य हैं और उन्होंने जीएनसीटीडी बिल के खिलाफ कार्रवाई की होगी। लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। इससे मुझे पीड़ा हुई।

# हक की बात जिला अधिकारी के साथ कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनी पीड़िताओं की समस्याएंः

## पीड़िताओं ने दर्ज कराई अपनी समस्याएंः

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदेश में महिलाओं तथा किशोरियो की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वउन्ना हेतु ''मिशन शक्ति तीसरा चरण'' अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत महिलाओं तथा बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने एवं उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराने हेतु माह अगस्त, 2021 से माह दिसम्बर, 2021 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। तत्क्रम में ''हक की बात जिलाधिकारी के साथ'' कार्यक्रम का आयोजन सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सफीपुर में सम्पूर्ण समाधान कार्यक्रम के सम्पन्न होने के उपरान्त किया गया। जिसके अंतर्गत यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, दहेज हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक हिंसा सम्बन्धी शिकायतो के सम्बन्ध में संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझावों एवं सहायता आदि हेतु पारस्परिक संवाद के माध्यम से 12 महिलाओं/बालिकाओं द्वारा जिलाधिकारी महोदय, रवीन्द्र कुमार से वार्ता कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया गया। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को तत्काल निर्देश प्रदान किये गये एवं साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि उक्त महिलाओं/बालिकाओं के प्रकरणों में व्यक्तिगत रूचि लेकर उनका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदय, दिव्यांशु पटेल, पुलिस अधीक्षक महोदय, आनन्द कुलकर्णी, उपजिलाधिकारी सफीपुर, राजेंद्र प्रसाद जिला प्रोबेशन अधिकारी, रेनू यादव, प्रीती महिला कल्याण अधिकारी, श्रीमती शिल्पा शिरामणि जिला समन्वयक एवं तहसील व ब्लॉक स्तर के अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।




अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।